# University in News on 29 June 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि : नौ कोर्सों के परीक्षा परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत शनिवार को नौ कोर्सों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इनमें बीपीए कथक, तबला, एमपीए वोकल व तबला एमएससी एप्लायड जियोलॉजी और रिन्यूबल एनर्जी के साथ ही एमए ही सम सेमेस्टर के विषय शामिल हैं। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम में किसी तरह की समस्या या त्रुटि होने पर छात्र परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

### लविवि: पांच सदस्यीय समिति गठित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्रावास आवंटन के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा को समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है। इसमें चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, अपर कुलानुशासक प्रो. ओपी शुक्ला, डॉ. आरपी यादव और डॉ. भारती राय शामिल हैं। लविवि में छात्रों के आवास के लिए कुल 18 छात्रावास हैं। इसमें नौ पुरुष और नौ महिला छात्रावास हैं। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में छात्रावास आवंटन के लिए समिति गठित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र में छात्रावास आवंटन के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने आदेश जारी कर दिया है। कुलसचिव की ओर से जारी आदेश में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा को अध्यक्ष नामित किया है। इसमें चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह समेत अन्य हैं।

## i-NEXT PAGE 3

### लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किया रिजल्ट

एलयू ने अपने सम सेमेस्टर परीक्षा 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है. जिसके अंतर्गत बीपीए, एमपीए, एमएससी और एमए के स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं.